RPSC स्कूल व्याख्याता (माध्यमिक शिक्षा) पेपर II चित्रकला 2015

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

'कला' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किस वेद में हुआ ?

(A) अथर्ववेद में
(B) सामवेद में
(C) यजुर्वेद में
(D) ऋग्वेद में ✓

Q.2

सन् 1894 में मुम्बई (घाटकोपर) में किसने लिथोग्राफिक प्रेस खोली और चित्रों की प्रतिकृतियाँ छपवाई ?

(A) आलमगीरी नायडू
(B) थियोडोर जेनसन
(C) ई.वी. हैवल
(D) राजा रवि वर्मा ✓

Q.3

राजस्थानी कलाकार, अपने जलरंग दृश्यों के लिये प्रसिद्ध है :

(A) राम जैसवाल ✓
(B) नाथूलाल वर्मा
(C) भूरसिंह शेखावत
(D) सुरेश शर्मा

Q.4

मौला राम पहाड़ी शैली की किस उपशैली से सम्बन्धित रहा है ?

(A) गढ़वाल शैली ✓
(B) नूरपुर शैली
(C) कांगड़ा शैली
(D) इनमें से कोई नहीं

Q.5

'खान बहादुर' की पदवी किस चित्रकार को मिली थी ?

(A) असित कुमार हाल्दार
(B) के. वैंकटप्पा
(C) ए.आर. चुगताई ✓
(D) इनमें से कोई नहीं

Q.6

मथुरा के मूर्तिशिल्प मुख्यतः किस पत्थर में निर्मित किये गये ?

(A) लाल बलुआ पत्थर ✓
(B) नीला पत्थर
(C) काला ग्रेनाइट
(D) संगमरमर पत्थर

Q.7

बुद्ध के पूर्वजन्म पर आधारित कथाएँ __ कथाएँ कहलाती हैं ।

(A) हास्य
(B) जातक ✓
(C) काल्पनिक
(D) सत्य

Q.8

मरणासन्न राजकुमारी का चित्र चित्रित है

(A) अजंता गुफा नं. 10
(B) बाघ गुफा नं. 4
(C) अजंता गुफा नं. 17
(D) अजंता गुफा नं. 16 ✓

Q.9

चित्तौड़ के कालिका माता-मन्दिर का निर्माण किस राजा द्वारा किया गया ?

(A) मानभंग ✓
(B) अशोक
(C) चन्द्रगुप्त
(D) पृथ्वीराज चौहान

Q.10

सूचना प्रौद्योगिकी के क्या कार्य है ?

(A) सूचनाओं का संग्रह
(B) सूचनाओं का संप्रेषण
(C) सूचनाओं का प्रोसेसिंग
(D) उपरोक्त सभी ✓

Q.11

सम्प्रेषण क्या नहीं है ?

(A) दो व्यक्ति द्वारा होने वाला सम्प्रेषण ।
(B) सम्प्रेषण एक प्रक्रिया है जिसमें सूचनाओं तथा विचारों का आदान प्रदान होता है ।
(C) जिसमें भावनाओं का सम्प्रेषण करने हेतु किसी भी माध्यम का सहारा नहीं लिया जाता है । ✓
(D) दूसरे व्यक्तियों द्वारा समझा जा सके इस रूप में विचारों तथा भावनाओं का आदान प्रदान ।

Q.12

किसके द्वारा जैन शैली को अपभ्रंश शैली नाम दिया गया ?

(A) एन.सी. मेहता
(B) आनन्द कुमारस्वामी
(C) राय कृष्ण दास ✓
(D) इ.वी. हैवेल

Q.13

नाट्य शास्त्र किसके द्वारा लिखा गया ?

(A) भट्ट नायक
(B) भट्ट लोल्लट
(C) भरत मुनि ✓
(D) शंकुक

Q.14

राजस्थानी कलाकार जिसने परम्परावादी कला इलाही बख्श उस्ता से और यथार्थवादी कला मूलर से सीखी :

(A) भूरसिंह शेखावत ✓
(B) द्वारका प्रसाद शर्मा
(C) देवकीनन्दन शर्मा
(D) रामगोपाल विजयवर्गीय

Q.15

भारत में वॉश तकनीक का प्रारम्भ किसने किया ?

(A) अवनीन्द्रनाथ टैगोर ✓
(B) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(C) गगनेन्द्रनाथ टैगोर
(D) इनमें से कोई नहीं

Q.16

रज्मनामा किस भारतीय ग्रन्थ पर आधारित है ?

(A) रामायण
(B) महाभारत ✓
(C) पञ्चतन्त्र
(D) बालगोपालस्तुति

Q.17

लाट व परगहा किसके अंग हैं ?

(A) मौर्ययुगीन स्तम्भों के ✓
(B) गुप्तकालीन मूर्तियों के
(C) साँची तोरण द्वार के
(D) इनमें से कोई नहीं

Q.18

निम्नलिखित में से किस कलाकार को कलाविद सम्मान मिला है ?

(A) पी.एन. चोयल ✓
(B) सी.एस. मेहता
(C) जी.एस. पंवार
(D) इनमें से कोई नहीं

Q.19

__ चौर पंचाशिका ग्रंथ का श्रेष्ठ चित्र है ।

(A) चम्पावती विल्हण ✓
(B) पंचाख्यान
(C) सारंगधर
(D) पृथ्वीराजरासो

Q.20

विदेशी होने के बावजूद __ ने कला शिक्षक के रूप में भारतीय कला को अपनाने के लिए कहा।

(A) जैनसन
(B) डब्ल्यू.जी. आर्चर
(C) सरजॉन बुडरॉफ
(D) ई.बी. हैवल ✓

Q.21

उस चित्रकार का नाम बताइये जिसका निधन दुबई में हुआ ।

(A) ए.आर. चुगताई
(B) एम.एफ. हुसैन ✓
(C) परितोष सेन
(D) इनमें से कोई नहीं

Q.22

कामसूत्र के प्रसिद्ध टीकाकार का नाम है

(A) यशोधर पंडित ✓
(B) राजा भोज
(C) सोमेश्वर
(D) डॉ. द्विजेन्द्र नाथ शुक्ल

Q.23

'विहार' में बनी बैठक को ____ कहते हैं ।

(A) अतिथि गृह
(B) विश्राम गृह
(C) अभ्यागत गृह
(D) प्रत्युपस्थान शाला ✓

Q.24

संवेग की प्रथम सामान्य विशेषता दिखाई देती है

(A) सहयोग में
(B) संघर्ष में
(C) उत्तेजना के रूप में ✓
(D) डर के रूप में

Q.25

मैसूर व बनारस हिन्दू विश्वविद्यालयों से 'डॉक्टर' की मानद उपाधि किसको मिली ?

(A) लक्ष्मण पै
(B) मकबूल फिदा हुसैन ✓
(C) सतीश गुजराल
(D) कृष्ण एन. रेड्डी

Q.26

शिक्षक को शिक्षण संस्थिति प्रदान की जानी चाहिए

(A) कक्षा-कक्ष वातावरण के अनुरूप
(B) शिक्षार्थियों की मानसिक एवं शारीरिक आयु के अनुरूप ✓
(C) शिक्षण सहायक सामग्री के अनुरूप
(D) पुस्तकों की उपलब्धता के अनुरूप

Q.27

गायक दल का भित्ति चित्र बाघ __ में चित्रित है ।

(A) गुफा नं. 3
(B) गुफा नं. 1
(C) गुफा नं. 4 ✓
(D) गुफा नं. 2

Q.28

एक अच्छी शिक्षण विधि है

(A) जो विद्यार्थियों की समस्याओं को हल करे ।
(B) जो विषयवस्तु स्पष्ट करे । ✓
(C) जो प्रश्नों को हल करे ।
(D) जो विषयवस्तु को विवेचित करे ।

Q.29

लॉरेन्स कोहलबर्ग के अनुसार परम्परागत नैतिक स्तर बना रहता है

(A) 4 से 10 वर्षों तक
(B) 10 से 13 वर्षों तक ✓
(C) 12 से 15 वर्षों तक
(D) 16 से प्रौढ़ावस्था तक

Q.30

गांधार की मूर्तियों के विषयों की पूर्व सूची तैयार करना बुद्ध के विस्तृत जीवन-चरित्र लिखने के समान है। यह कथन __ का था।

(A) फुशे ✓
(B) पर्सी ब्राउन
(C) कुमार स्वामी
(D) मार्शल

Q.31

भारतीय साहित्य में सौन्दर्य को सामान्यतः किसके साथ सम्बन्धित किया जाता है ?

(A) अनुभव
(B) कला
(C) रस ✓
(D) साहित्य

Q.32

राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट्स एण्ड क्राफ्ट्स में शिक्षक के रूप में प्रवेश किया और बाद में यहीं प्राचार्य बने । नाम बतायें :

(A) देवकीनन्दन शर्मा
(B) शैलेन्द्रनाथ डे ✓
(C) नन्दलाल बसु
(D) असित कुमार हाल्दार

Q.33

चित्रकला को समस्त कलाओं में सर्वोच्च स्थान दिया गया है विष्णुधर्मोत्तर पुराण के __ में।

(A) कथासरित्सागर
(B) चित्रसूत्र ✓
(C) तिलकमंजरी
(D) हर्षचरित

Q.34

पहाड़ी शैली के चित्रों की विषयवस्तु किस पर आधारित रही है ?

(A) शैव धर्म
(B) वैष्णव धर्म
(C) बौद्ध धर्म
(D) उक्त सभी ✓

Q.35

मूर्तियों की सतह पर एक विशेष प्रकार की ओप चढ़ाना किस युग की विशेषता थी ?

(A) शुंग काल
(B) सातवाहन काल
(C) मौर्य काल ✓
(D) कुषाण काल

Q.36

सम्राट अशोक के काल में निर्मित जिस स्तम्भ के परगहे को भारत का राष्ट्रीय चिह्न घोषित किया गया वह कहाँ स्थित था ?

(A) कौशाम्बी
(B) रामपुरवा
(C) सारनाथ ✓
(D) लौरिया नन्दनगढ़

Q.37

बौद्धों में मूर्तिपूजा का समर्थक संप्रदाय __ कहलाया ।

(A) हीनयान
(B) आस्तिक
(C) नास्तिक
(D) महायान ✓

Q.38

बाघ की गुफा चित्रों का सर्वप्रथम परिचय 1818 में निम्नलिखित किस विद्वान के द्वारा पत्रिका के माध्यम से दिया गया ?

(A) लैफ्टीनेंट डेंजरफील्ड ✓
(B) डॉ. इम्पे
(C) कर्नल सी.ई. ल्यूवर्ड
(D) एरिक्सन

Q.39

देलवाड़ा स्थित 'तेजपाल मंदिर' की बड़ी अलंकृत छत को __ कहा गया है ।

(A) छज्जा
(B) छतरी
(C) रंग मंडप का कटोरक ✓
(D) आवरण

Q.40

शिक्षा में सूचना सम्प्रेषण तकनीकी की आवश्यकता क्यों है ?

(A) शैक्षिक आवश्यकताओं की माँग हेतु
(B) प्रभावशाली अध्ययन अध्यापन हेतु
(C) विद्यार्थियों को प्रेरणा देने हेतु
(D) उपरोक्त सभी ✓

Q.41

प्रभावशाली सम्प्रेषण की क्यों आवश्यकता है ?

(A) प्रभावशाली शिक्षण हेतु
(B) विद्यार्थियों द्वारा विषय-सामग्री स्पष्ट हो सके
(C) एक दूसरे को समझ सके
(D) उपरोक्त सभी ✓

Q.42

'कल्पसूत्र' और 'कालकाचार्यकथा' किससे संबंधित है ?

(A) गुजरात शैली
(B) जैन शैली ✓
(C) पाल शैली
(D) अपभ्रंश शैली

Q.43

भारतीय सौन्दर्य शास्त्र में वेदान्त के आधार पर अभिव्यक्तिवाद सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया ?

(A) आनन्दवर्धन
(B) अभिनव गुप्त ✓
(C) भट्ट तौत
(D) आचार्य विश्वनाथ

Q.44

सन् 1919 से 1936 तक, वे सर जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट के निदेशक थे :

(A) केप्टेन ग्लेडस्टोन सोलोमन ✓
(B) ई.बी. हैवल
(C) जेम्स बर्गीस
(D) कार्ल खण्डालावाला

Q.45

कलाओं में चित्रकला को सर्वोच्च स्थान किस पुराण में दिया गया ?

(A) अग्नि पुराण
(B) ब्रह्म पुराण
(C) विष्णुधर्मोत्तर पुराण ✓
(D) गरुड़ पुराण

Q.46

मन्सूर किसके दरबार का सुपरिचित चित्रकार था ?

(A) अकबर
(B) औरंगजेब
(C) जहाँगीर ✓
(D) शाहजहाँ

Q.47

गांधार कला किस कला से प्रभावित है ?

(A) चीन की कला
(B) रोमन कला
(C) फारसी कला
(D) यूनानी कला ✓

Q.48

प्रथम भारतीय चित्रकार जिन्होंने तैल चित्रण में महारत हासिल की थी उनका नाम बताइये ।

(A) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(B) अमृता शेरगिल
(C) राजा रवि वर्मा ✓
(D) इनमें से कोई नहीं

Q.49

सावंतसिंह का उपनाम था

(A) श्री रणछोड़जी
(B) सुरध्वज मूलराज
(C) मोरध्वज निहालचंद्र
(D) नागरीदास ✓

Q.50

स्तूप, चैत्य, विहार किस युग की देन हैं ?

(A) गुप्त काल
(B) शुंग काल ✓
(C) वाकाटक काल
(D) कुषाण या सातवाहन काल

Q.51

निम्नांकित में से मूर्तिकार को चुनिये :

(A) बीरेन डे
(B) जेराम पटेल
(C) शंखो चौधरी ✓
(D) के.जी. सुब्रह्मण्यम

Q.52

संयोजन के सिद्धान्त हैं

(A) रेखा, रूप, वर्ण, संतुलन, अंतराल, प्रवाह
(B) सहयोग, सामंजस्य, संतुलन, प्रभाविता, प्रवाह, प्रमाण ✓
(C) सामंजस्य, संतुलन, प्रभाविता, रेखा, रूप, प्रमाण
(D) संतुलन, प्रभाविता, सहयोग, अंतराल, प्रवाह

Q.53

गुप्त कालीन मंदिरों के मुख्य अंग थे :

(A) मण्डप, गर्भगृह, वेदिका, हर्मिका, थूहा
(B) वेदिका, हर्मिका, छत्रावली, थूहा, कुपुटी
(C) जगती, गर्भगृह, प्रवेश द्वार, मण्डप व शिखर ✓
(D) गर्भगृह, वेदिका, प्रवेश द्वार, थूहा, कुपुटी

Q.54

अपनी पुस्तक 'एडोलेसेन्स' में किसने कहा : किशोरावस्था एक नया जीवन है, व्यक्ति जब इसमें प्रवेश करता है तो अपने जीवन की शुरुआत करता है ?

(A) जे.ए. स्टीफेन
(B) सी.ई. स्कीनर
(C) स्टेनले हॉल ✓
(D) हरलॉक

Q.55

भारतीय सौंदर्य शास्त्र में भरत के पश्चात कौन विशिष्टतम प्रवर्तक माने जाते हैं ?

(A) अभिनव ✓
(B) शंकुक
(C) भट्ट लोल्लट
(D) भट्ट नायक

Q.56

विद्यार्थियों हेतु शिक्षण प्रभावशाली बन सकता है यदि

(A) वही पाठ बार-बार दोहराया जाए ।
(B) विद्यार्थियों के मानसिक स्तर के अनुसार शिक्षण दिया जाए । ✓
(C) विद्यार्थियों के सामाजिक स्तर के अनुसार शिक्षण दिया जाए ।
(D) पाठ को पढ़कर विद्यार्थी सीखे ।

Q.57

प्रसिद्ध चित्रकार विहजाद किस सम्राट के समय था ?

(A) बाबर ✓
(B) औरंगजेब
(C) शाहजहाँ
(D) जहाँगीर

Q.58

एक मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति हर नई स्थिति समझता है । मानसिक स्वस्थ व्यक्ति

(A) अच्छी प्रकार से समायोजित हो सकता है । ✓
(B) कहीं भी समायोजित नहीं हो पाता ।
(C) शान्तिप्रद जीवन नहीं जी पाता ।
(D) सही व्यवहार नहीं करता ।

Q.59

पियाजे ने संज्ञानात्मक विकास के जो कारक अनिवार्य माने हैं, उनमें से नहीं है :

(A) जैविक परिपक्वता
(B) भौतिक परिवेश के अनुभव
(C) सम संयोजन
(D) कक्षा-कक्ष के अनुभव ✓

Q.60

गांधार की कुषाण युगीन मूर्तिकला की ओर सर्वप्रथम __ ने ध्यान आकृष्ट किया।

(A) जेरार्ड
(B) डॉ. लिटनर ✓
(C) प्रिंसेप
(D) बेले

Q.61

समाज की भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति किस कला द्वारा होती है ?

(A) उपयोगी कला ✓
(B) काव्य कला
(C) संगीत कला
(D) रंगमंचीय कला

Q.62

किस कलाकार ने दिल्ली के वकील बन्धुओं से वॉश तकनीक सीखी ?

(A) क्षितीन्द्रनाथ मजूमदार
(B) अब्दुल रहमान चुगताई ✓
(C) परितोष सेन
(D) राजा रवि वर्मा

Q.63

संयोजन के सिद्धान्त में कौन सा तत्त्व नहीं होता ?

(A) एकता
(B) सन्तुलन
(C) सामन्जस्य
(D) अन्तराल ✓

Q.64

बसौली शैली की प्रथम ज्ञात चित्रित पुस्तक कौन सी है ?

(A) विनोद राग
(B) गीत गोविन्द
(C) रस मन्जरी ✓
(D) इनमें से कोई नहीं

Q.65

राजस्थान में चाँद बावडी के लिए कौन सा स्थान प्रसिद्ध है ?

(A) आभानेरी ✓
(B) रणकपुर
(C) सिकन्दरा
(D) इनमें से कोई नहीं

Q.66

'ट्रायम्फ ऑफ लेबर' (मजदूरों का विजयोल्लास) शिल्प किसने बनाया ?

(A) डी.पी. रॉयचौधरी ✓
(B) पी.वी. जानकीराम
(C) एम. धर्मानी
(D) इनमें से कोई नहीं

Q.67

__ अमरावती कला की प्रमुख विशेषता है ।

(A) प्रबल गतिशीलता ✓
(B) निर्जीव अंकन
(C) चित्रांकन
(D) रेखांकन

Q.68

'अवलोकितेश्वर बोधिसत्व' का चित्र अजंता की किस गुफा में चित्रित है ?

(A) गुफा संख्या दस
(B) गुफा संख्या सोलह
(C) गुफा संख्या एक ✓
(D) गुफा संख्या सत्रह

Q.69

देलवाड़ा के अधिकांश देवालय __ की प्रतिमाओं से सुशोभित हैं ।

(A) कृष्ण-राधा
(B) आदिनाथ तथा ऋषभनाथ ✓
(C) राम-सीता
(D) कृष्ण-राम

Q.70

कम्प्यूटर सहायक अनुदेशन के क्या उपयोग है ?

(A) यह शिक्षक एवं छात्रों के लिए महत्त्वपूर्ण सूचनाएँ प्राप्ति का स्रोत है ।
(B) अन्तः क्रिया ट्यूटोरियल उपागम के माध्यम से छात्रों को सफलता से शिक्षा दी जा सकती है ।
(C) यह विद्यालय की प्रतिदिन की क्रियाओं के लिए आवश्यक है, जैसे समय सारिणी बनाना, प्रमाणपत्र बनाना आदि ।
(D) उपरोक्त सभी ✓

Q.71

सम्प्रेषण प्रक्रिया का मॉडल कौन सा है ?

(A) सन्देश वाहक ↔ माध्यम ↔ संदेश प्राप्तकर्ता ✓
(B) माध्यम ↔ सन्देश वाहक ↔ संदेश प्राप्तकर्ता
(C) संदेश प्राप्तकर्ता ↔ सन्देश वाहक ↔ माध्यम
(D) सन्देश वाहक ↔ सन्देश प्राप्तकर्ता ↔ माध्यम

Q.72

बूंदी, कोटा और झालावाड़ शैलियाँ किसके अन्तर्गत आती हैं ?

(A) ढूंढांर शैली
(B) हाड़ौति शैली ✓
(C) मेवाड़ शैली
(D) मारवाड़ शैली

Q.73

द्विमितीय तल पर त्रिमितीय प्रभाव देने के लिये क्या जरूरी है ?

(A) सन्तुलन और प्रवाह
(B) परिप्रेक्ष्य और छाया-प्रकाश ✓
(C) वर्ण और तान
(D) अन्तराल और पोत

Q.74

कोलकाता ग्रुप की स्थापना कब हुई ?

(A) 1948
(B) 1943 ✓
(C) 1930
(D) 1950

Q.75

सिंहनपुर किसके लिए प्रसिद्ध है ?

(A) मन्दिरों
(B) प्रागैतिहासिक शिला चित्रों ✓
(C) मूर्तिकला
(D) म्यूरल

Q.76

बीजापुर-गोलकुण्डा शैली किस शैली के भाग के रूप में जानी जाती है ?

(A) मुगल स्कूल
(B) पश्चिम भारतीय स्कूल
(C) दक्कन स्कूल ✓
(D) इनमें से कोई नहीं

Q.77

उदयपुर के समीप नागदा में कौन से प्रसिद्ध मन्दिर स्थित हैं ?

(A) देलवाड़ा मन्दिर
(B) जगत मन्दिर
(C) सहस्त्रबाहु मन्दिर ✓
(D) इनमें से कोई नहीं

Q.78

कौन से चित्रकार को भारतीय घनवादी चित्रकार कहा जाता है ?

(A) नन्दलाल बोस
(B) गगनेन्द्रनाथ टैगोर ✓
(C) शारदा चन्द्र उकील
(D) शैलेन्द्र नाथ डे

Q.79

कोटा शैली का प्रमुख चित्र कौन सा है ?

(A) हाथियों की लड़ाई ✓
(B) पद्मपाणी
(C) बनीठनी
(D) मुर्गों की लड़ाई

Q.80

शुंगकालीन शिल्प किस धर्म से प्रभावित थे?

(A) सिक्ख, ब्राह्मण, मुस्लिम
(B) ब्राह्मण, मुस्लिम, जैन
(C) जैन, सिक्ख, बौद्ध
(D) बौद्ध, जैन, ब्राह्मण ✓

Q.81

किस भारतीय चित्रकार ने 'ययाति' श्रृंखला चित्रित की ?

(A) मनजीत बावा
(B) गणेश हलोई
(C) ए. रामचन्द्रन ✓
(D) लक्ष्मा गौड़

Q.82

निम्न में से कौन सा समीपवर्ती वर्ण नहीं है ?

(A) पीला
(B) पीला-नारंगी
(C) नारंगी
(D) नीला ✓

Q.83

मंदिरों को सही काल क्रम में रखिये :

(A) कोणार्क का सूर्य मंदिर, खजुराहो, जगन्नाथ, परशुरामेश्वर
(B) परशुरामेश्वर, जगन्नाथ, खजुराहो, कोणार्क का सूर्य मंदिर
(C) परशुरामेश्वर, खजुराहो, जगन्नाथ, कोणार्क का सूर्य मंदिर ✓
(D) जगन्नाथ, परशुरामेश्वर, खजुराहो, कोणार्क का सूर्य मंदिर

Q.84

किशोरावस्था के समय में बालक का मानसिक विकास पहुँच जाता है

(A) पतन की ओर
(B) सर्वाधिक ✓
(C) अत्यधिक समस्याग्रस्त
(D) आसान जीवन

Q.85

'आधुनिक कला' का जन्म दाता मानते हैं

(A) वान गो
(B) पौल गोग्व
(C) सेजान पॉल ✓
(D) मोने

Q.86

निम्न शिक्षण अभिगम प्रक्रिया को क्रमवार जमाइये :
1. वर्तमान ज्ञान को पूर्व ज्ञान से जोड़ना
2. मूल्यांकन
3. उद्देश्य निर्माण
4. सामग्री का प्रस्तुतीकरण
एक उत्तर चुनिये :

(A) 1, 2, 3, 4
(B) 2, 1, 3, 4
(C) 4, 3, 1, 2
(D) 3, 1, 4, 2 ✓

Q.87

"अकबरनामा" का प्रसिद्ध चित्र कौन सा है ?

(A) रिस्तानेज़ामी
(B) इनायतखां
(C) पुष्पों का चित्रण
(D) राजकुमार सलीम के जन्म का आनंद उत्सव ✓

Q.88

मानसिक स्वास्थ्य के द्वारा एक व्यक्ति खुश तथा स्वस्थ रहता है, क्योंकि

(A) मानसिक तनाव दूर हो जाएगा ।
(B) हर परिस्थिति को सम्भाल लेता है ।
(C) व्यक्ति एवं समाज के साथ अच्छी प्रकार समायोजित हो जाता है ।
(D) उपरोक्त सभी ✓

Q.89

संवेगात्मक शक्ति का सर्वाधिक प्रभाव किस अवस्था में होता है ?

(A) किशोरावस्था ✓
(B) बाल्यावस्था
(C) उत्तर बाल्यावस्था
(D) प्रौढ़ावस्था

Q.90

गोदावरी तथा कृष्णा नदियों के बीच मूर्ति शिल्प का कौन सा केन्द्र स्थित है?

(A) अमरावती ✓
(B) गांधार
(C) अजंता
(D) सांची

Q.91

सात रंगों को एक वृत्त में घुमाने को कहा जाता है

(A) सतरंगीय
(B) रंग-चक्र ✓
(C) इन्द्रधनुष
(D) प्रकाश-पुंज

Q.92

कौन से वर्ष में 'इंडियन सोसाइटी ऑफ ओरिएंटल आर्ट' की स्थापना हुई ?

(A) 1906
(B) 1919
(C) 1928
(D) 1907 ✓

Q.93

स्वर्णिम विभाजन सिद्धान्त को स्थापित किया था :

(A) लुई मोरिस
(B) यूक्लिड ✓
(C) रे रॉबर्ट
(D) ले फिगारो

Q.94

बंगाल शैली के कलाकारों का सही समूह कौन सा है ?

(A) शिवदयाल, सेवकराम, यामिनी रॉय
(B) अवनीन्द्रनाथ टैगोर, नन्दलाल बोस, असित कुमार हाल्दार ✓
(C) रवीन्द्रनाथ टैगोर, गगनेन्द्रनाथ टैगोर, राजा रवि वर्मा
(D) अमृता शेरगिल, राजा रवि वर्मा, यामिनी रॉय

Q.95

एक हजार चार सौ चवालीस स्तम्भों वाला प्रसिद्ध ऐतिहासिक मन्दिर कौन सा है ?

(A) देलवाड़ा
(B) रणकपुर ✓
(C) बारोली
(D) एकलिंगजी

Q.96

आमेर-जयपुर का कौन सा मन्दिर तोरण द्वार और गरुड़ छतरी के लिए प्रसिद्ध है ?

(A) ताड़केश्वर मन्दिर
(B) शिला देवी मन्दिर
(C) काल भैरव मन्दिर
(D) जगत शिरोमणि मन्दिर ✓

Q.97

शिलालेखों के आधार पर कुषाण कालीन मथुरा कला का समय __ तक माना जाता है ।

(A) ई.पू. दूसरी शती से छठी शती
(B) ई.पू. चौथी शती से छठी शती
(C) दूसरी शती से छठी शती ✓
(D) तीसरी शती से पांचवी शती

Q.98

सैकड़ों रंगीन अपभ्रंश शैली के चित्रों का प्रकाशन करने वाले "चित्र कल्पद्रुम" जैसे महत्त्वपूर्ण ग्रंथ का सर्वप्रथम प्रकाशन किया था

(A) श्री भोगालालजी
(B) सेठ आनंदजी कल्याणजी
(C) मुनि दयाविजयजी
(D) श्री साराभाई मणिकलाल ✓

Q.99

ऊषा रानी हूजा के मूर्ति शिल्पों पर __ का प्रभाव था ।

(A) सुब्रयालु धनपाल
(B) देवी प्रसाद राय चौधरी
(C) हेनरी मूर ✓
(D) राम किंकर बैज

Q.100

मुख्यतया शैक्षिक कम्प्यूटर प्रयुक्त किया जाता है

(A) शोध उपकरण हेतु
(B) शिक्षण अधिगम हेतु
(C) प्रबन्ध उपकरण हेतु
(D) उपरोक्त सभी ✓

Q.101

सम्प्रेषण का सिद्धान्त नहीं है ?

(A) उचित सम्पर्क
(B) सूचनाओं की स्पष्टता
(C) सम्प्रेषण का अभाव ✓
(D) सूचनाओं का उचित प्रसारण

Q.102

घुमान ; नैनसुख ; खुशाल; मानकू; फत्तू; परखू और दोखू किस शैली के चित्रकार थे ?

(A) गुलेर शैली
(B) बसोली शैली
(C) काँगड़ा शैली ✓
(D) चम्बा शैली

Q.103

मोहनजोदड़ो से प्राप्त 'दाढ़ी वाला आदमी' और ताँबे की नर्तकी कहाँ संग्रहीत है ?

(A) भारतीय कला संग्रहालय, कोलकाता
(B) मथुरा संग्रहालय
(C) राष्ट्रीय संग्रहालय, दिल्ली ✓
(D) पटना संग्रहालय

Q.104

जब आकार परिवर्तित और सरलीकृत होते हैं तो उसे क्या कहते हैं ?

(A) अमूर्त अंकन ✓
(B) त्रिआयामी
(C) अनुअंकन
(D) अंकन

Q.105

चैत्य गुफाओं का उपयोग किया जाता था

(A) पूजा हेतु ✓
(B) निवास हेतु
(C) क्रीड़ा हेतु
(D) शासन हेतु

Q.106

किशनगढ़ शैली का प्रसिद्ध चित्रकार कौन था ?

(A) सूरजन
(B) निहाल चन्द ✓
(C) मनसुख
(D) इनमें से कोई नहीं

Q.107

अमरावती स्तूप आन्ध्र प्रदेश में किस नदी के किनारे स्थित है ?

(A) कृष्णा नदी ✓
(B) गोदावरी नदी
(C) वेदवती नदी
(D) चम्पावती नदी

Q.108

शोक, क्रोध, भय और जुगुप्सा किस रूप में जाने जाते हैं ?

(A) स्थायी भाव ✓
(B) विभाव
(C) अनुभाव
(D) संचारी भाव

Q.109

कम्पनी शैली की मुख्य अध्येता __ थीं ।

(A) मिसेज हेरिंगम
(B) मिसेज आर्चर ✓
(C) मिसेज हैवल
(D) मिसेज गांगोली

Q.110

सांची स्तूप की खुदाई विशेषतः __ की नक्काशी जान पड़ती है।

(A) लोहा
(B) पीतल
(C) मिट्टी
(D) हाथीदांत ✓

Q.111

निम्नलिखित चित्रकारों को पहचानिये । इनमें से एक महिला चित्रकार है । उनका नाम है

(A) विवान सुन्दरम्
(B) गोगी सरोज पाल ✓
(C) के. लक्ष्मा गौड़
(D) ज्योति भट्ट

Q.112

भीमबेटका गुफाओं की खोज निम्न में से किसके द्वारा की गई ?

(A) अमरनाथ
(B) पर्सी ब्राउन
(C) डब्ल्यू. एण्डरसन
(D) प्रोफेसर वाकणकर ✓

Q.113

विश्व प्रसिद्ध देलवाड़ा का जैन मंदिर किस पत्थर से बना है ?

(A) काला
(B) भूरा-स्लेटी
(C) सैंडस्टोन
(D) संगमरमर ✓

Q.114

सीखना केवल ज्ञान या कौशल प्राप्ति ही नहीं है वरन् यह कहीं अधिक है

(A) व्यवहारगत परिवर्तन है । ✓
(B) व्यवहारिक जीवन में क्रियान्विति है ।
(C) विद्यार्थियों के लिए मार्गनिर्देशिका है ।
(D) दृष्टिकोण में परिवर्तन है ।

Q.115

शैक्षिक मनोविज्ञान अन्तर्निहित क्षमताओं तथा सक्षमताओं का अध्ययन करता है :

(A) व्यक्तिगत विभिन्नताओं का ✓
(B) समूह की भिन्नताओं का
(C) व्यक्तिगत क्षमताओं का
(D) व्यक्तिगत सक्षमताओं का

Q.116

बालक का विकास तीव्रगामी होता है

(A) जन्म से 1 वर्ष तक
(B) जन्म से 2 वर्ष तक ✓
(C) जन्म से 5 वर्ष तक
(D) जन्म से 10 वर्ष तक

Q.117

मंसूर किस चित्रण में सिद्धहस्त कलाकार था ?

(A) मानवाकृति
(B) पशु-पक्षी व वनस्पति ✓
(C) गलियों के
(D) शबीह

Q.118

किशोर विद्यार्थियों का मानसिक तनाव दूर करने हेतु कौन सी विधियाँ है ?

(A) प्रत्यक्ष विधि
(B) अप्रत्यक्ष विधि
(C) मनोवैज्ञानिक उपचार
(D) उपरोक्त सभी ✓

Q.119

निम्नलिखित में से कौन सी रक्षात्मक युक्ति नहीं है ?

(A) प्रक्षेपण
(B) सामाजिक समायोजन ✓
(C) प्रतिगमन
(D) प्रतिक्रिया

Q.120

सारनाथ की दो प्रसिद्ध मूर्तियों के नाम क्या हैं?

(A) कार्तिकेय, गणपति
(B) महिषमर्दिनी, सिंहवाहिनी
(C) विशालबोधिसत्व व धर्मचक्रप्रवर्तन बुद्ध ✓
(D) जेतवन का दान, राहुल को दीक्षा

Q.121

निम्नलिखित में से त्रिआयामी कला कौन सी है ?

(A) छायांकन
(B) चित्रकला
(C) मूर्तिकला ✓
(D) छायाचित्रण

Q.122

किसने सर्वप्रथम प्राचार्य के रूप में विश्व भारती कला भवन में प्रवेश किया ?

(A) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(B) नन्दलाल बसु ✓
(C) ई.वी. हैवल
(D) असित कुमार हाल्दार

Q.123

अजन्ता की किस गुफा में सबसे ज्यादा चित्र हैं ?

(A) गुफा संख्या सत्रह ✓
(B) गुफा संख्या ग्यारह
(C) गुफा संख्या पन्द्रह
(D) गुफा संख्या नौ

Q.124

बंगाल शैली के विकास में किस चित्रकार का योगदान नहीं रहा ?

(A) नन्दलाल बोस
(B) शारदाचन्द उकील
(C) डी.पी. रॉय चौधरी
(D) राजा रवि वर्मा ✓

Q.125

सिन्धु घाटी सभ्यता के भवन निर्माण में कौन सी सामग्री प्रयुक्त की गयी थी ?

(A) ईंट पकाई हुई ✓
(B) प्रस्तर
(C) काष्ठ
(D) इनमें से कोई नहीं

Q.126

सारनाथ के स्तम्भ की चौकी पर कौन से चार जानवरों की आकृतियाँ उत्कीर्ण हैं ? क्रमानुसार बताइये ।

(A) बैल, घोड़ा, शेर, हाथी ✓
(B) बैल, घोड़ा, गाय, हाथी
(C) बैल, महिष, घोड़ा, गाय
(D) हाथी, महिष, घोड़ा, शेर

Q.127

सिन्धु, काबुल और स्वात नदियों की घाटियों से घिरा प्रदेश ही __ का प्रदेश था ।

(A) सिंधु सभ्यता
(B) गांधार ✓
(C) मौर्य
(D) कुषाण

Q.128

जैन शैली में क्रमशः महावीर, पार्श्वनाथ, नेमीनाथ व ऋषभनाथ तीर्थंकरों के लिए कौन से रंगों का प्रयोग हुआ है ? सही क्रम चुनिये :

(A) पीला, स्वर्णिम, काला, नीला
(B) स्वर्णिम, काला, नीला, पीला
(C) पीला, नीला, काला, स्वर्णिम ✓
(D) काला, पीला, स्वर्णिम, नीला

Q.129

'आईफेक्स (AIFACS)' की स्थापना में किसका अमूल्य योगदान था ?

(A) उकील बन्धुओं ✓
(B) ठाकुर बन्धुओं
(C) जहांगीर सबावाला
(D) एफ.एन. सूजा

Q.130

सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी क्या है ?

(A) प्रभावशाली सूचना की प्रक्रिया ✓
(B) प्रदत्त एकत्रीकरण की प्रक्रिया
(C) मूल्यांकन की प्रक्रिया
(D) आन्तरिक तकनीकी प्रक्रिया

Q.131

गुलेर चित्र शैली का संरक्षक व प्रवर्तक कौन सा राजा था ?

(A) राजा हरिचंद ✓
(B) राजा राजसिंह
(C) राजा विक्रमसिंह
(D) राजा मानसिंह

Q.132

कौन आदिवासी भीलों के जीवन से प्रभावित थे ?

(A) सुरेश शर्मा
(B) राम जैसवाल
(C) द्वारका प्रसाद शर्मा
(D) गोवर्धनलाल जोशी ✓

Q.133

सन् 1939 में, आर्ट एण्ड क्राफ्ट अध्यापक के रूप में मेयो कॉलेज में प्रवेश लिया :

(A) देवकीनन्दन शर्मा
(B) भवानी चरण गुई ✓
(C) ज्योति स्वरूप
(D) परमानन्द चोयल

Q.134

अजन्ता की कौन सी गुफाओं का समूह हीनयान सम्प्रदाय से सम्बन्धित है ?

(A) 1 से 4 तक
(B) 6 से 7 तक
(C) 8 से 11 तक
(D) 8 से 13 तक ✓

Q.135

पहाड़ी कला शैली के प्राचीनतम कला केन्द्र को किस नाम से जाना जाता है ?

(A) बसौली ✓
(B) नूरपुर
(C) चम्बा
(D) कांगड़ा

Q.136

राजस्थान के उस मूर्तिकार का नाम बताइये जिसे सन् 2010 में पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया था ।

(A) लल्लू नारायण शर्मा
(B) अर्जुन प्रजापति ✓
(C) ऊषा रानी हूजा
(D) इनमें से कोई नहीं

Q.137

उस भारतीय दार्शनिक का नाम बताइये जिसने नवें रस का परिचय दिया :

(A) अभिनव गुप्त ✓
(B) भट्ट लोल्लट
(C) पण्डित जगन्नाथ
(D) आचार्य शंकुक

Q.138

1860 में भारत के प्रथम पुरातत्त्व निदेशक कौन बने ?

(A) के. वेंकटप्पा
(B) हेरिंगम
(C) कनिंघम ✓
(D) ई.बी. हैवल

Q.139

भरहुत में भी सांची की भाँति __ की मूर्ति का अभाव है।

(A) सूर्य
(B) इंद्र
(C) बुद्ध ✓
(D) तीर्थंकर

Q.140

लन्दन ओलम्पिक्स के लिए बनाये गये शिल्प "आर्सेलर मित्तल ऑर्बिट" की परिकल्पना किसने की ? कलाकार का नाम बताइये ।

(A) अनीश कपूर ✓
(B) लक्ष्मी मित्तल
(C) पी.वी. जानकीराम
(D) इनमें से कोई नहीं

Q.141

प्रागैतिहासिक चित्रकार रंगों में मिलता था

(A) सेरस
(B) पशुओं की चर्बी ✓
(C) फेबीकोल
(D) गौमूत्र

Q.142

सही सुधारकरण के सिद्धान्त का आशय है :

(A) सुधार
(B) गलत आदत नहीं पड़ने देना
(C) गलत आदत को सुधारना ✓
(D) आदत स्थापित करना

Q.143

शिक्षण के समय शिक्षक को आवश्यक रूप से ध्यान में रखना है

(A) सामाजिक वातावरण
(B) विषय एवं शिक्षार्थी दोनों ही ✓
(C) केवल शिक्षार्थी
(D) केवल विषय

Q.144

बीजापुर के विशाल दुर्ग, संत मज़ला महल, गोल गुम्बद आदि के विशाल भवनों में __ स्थापत्य का उत्तम समन्वय दिखाई देता है ।

(A) हिन्दू-मुस्लिम ✓
(B) सिक्ख-ईसाई
(C) चीनी-फारसी
(D) पूर्वी-पश्चिमी

Q.145

सामूहिक शैक्षिक मार्गदर्शन का कौन भाग नहीं है ?

(A) समूह में अनुस्थापन
(B) मनोवैज्ञानिक जाँच (समूह में)
(C) व्यक्तिगत व्यक्तिक अध्ययन ✓
(D) समूह में प्रोफाइल बनाना

Q.146

सम्प्रेषण के लिये निम्नलिखित में से किसकी आवश्यकता नहीं है ?

(A) सम्प्रेषण दाता
(B) सम्प्रेषण ग्राही
(C) माध्यम
(D) पाठ्यक्रम ✓

Q.147

धर्मराजिका स्तूप किस सम्राट द्वारा बनवाया गया?

(A) विस्नुवर्धन
(B) समुद्र गुप्त
(C) अशोक ✓
(D) रुद्रसेन द्वितीय

Q.148

वसली क्या है ?

(A) तकनीक
(B) माध्यम
(C) कागज पर चित्रण हेतु उपयुक्त धरातल ✓
(D) शैली

Q.149

जैन धर्म के कौन से सम्प्रदाय से अपभ्रंश कला शैली का विकास हुआ ?

(A) श्वेताम्बर
(B) दिगम्बर
(C) उक्त दोनों ✓
(D) उक्त में कोई नहीं

Q.150

राजा रवि वर्मा के 'कला गुरु' कौन थे ?

(A) सेवकराम
(B) लाला ईश्वरी प्रसाद
(C) अलाग्री नायडू ✓
(D) शिवलाल



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in